आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

जेपी नड्डा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रदेश में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का सिलसिला आज पूरा होने जा रहा है। आज सोलन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश भर में 400 के करीब तिरंगा यात्राएं निकाली गई हैं, जिनमें जिला स्तर पर पांच मुख्य यात्राओं का आयोजन किया गया, वहीं 171 मंडल स्तर और 94 जिला परिषद स्तर की यात्राओं के जरिए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से तीन दिन के हमीरपुर व कांगड़ा जिला के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कई विकासात्मक योजनाओं की आधारशिला व लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री आज हमीरपुर जिला के बड़ू पॉलीटैक्नीक कॉलेज में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी में पुलिस चौकी सिटी का शुभारंभ करेंगे और अग्निशमन केंद्र की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्यमंत्री शाम को हमीरपुर जिला के नादौन में निर्माणाधीन खेल परिसर का मुआयना और नए एसडीएम कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में और आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, संसद सदस्यों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने आउटरीच कार्यक्रम के साथ विभिन्न देशों में हैं। प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के भारत के मजबूत संदेश को व्यक्त कर रहे हैं। जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कुआलालंपुर में तोरण गेट का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया–भारत हेरिटेज सोसाइटी , प्रमुख मलेशियाई मीडिया घरानों के प्रतिनिधियों और सोशल मीडिया प्रभावितों से भी बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अपनी यात्रा के उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी।

शिमला ग्रीष्मोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल देर शाम दीप प्रज्वलन कर पहली सांस्कृतिक संध्या के साथ किया। इस वर्ष शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। पांच जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव में स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों, विभिन्न सांस्कृतिक दलों व अन्य राज्यों के कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में आज हास्य

कवि सम्मेलन मुख्य आकर्षण होगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

फायर सीजन

फायर सीजन को देखते हुए प्रदेश में वन विभाग ने जंगलों को आग से बचाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी कड़ी में चंबा जिला में लोगों व स्कूली बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन ने बताया कि जिला में इस वर्ष वनों में आग के मामलों में कमी दर्ज की गई है और बेशकीमती वन संपदा को बचाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील भी की गई है।

*इस साल का फायर सीजन ऑलरेडी आ चुका है और इस बार आग के इंडीडैंट में कमी देखी गई है क्योंकि इस बार वन विभाग जो है पूरी तरह से तैयार है और कई तरह के कार्यक्रम जो है, वो पूरे चंबा वन वृत में और चंबा वन मंडल, डल्हौजी वन मंडल, भरमौर वन मंडल, सभी वन मंडलों में कार्य चल रहे हैं। बहुत ही अच्छे अच्छे एवेयरनेंस प्रोग्राम चल रहे हैं। जनसहभागिता के साथ जो है, वन अग्नि को कंट्रोल करने का प्रयास चल रहा है।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई है, हालांकि पिछले कल रोहतांग दर्रे सहित उंची चोटियों पर ताज़ा बर्फबारी हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। यहां घूमने आए सैलानियों ने कहा कि उन्हें यहां आकर गर्मी से राहत मिली है और वे विभिन्न साहसिक गतिविधियों का आनंद भी ले रहे हैं।

*मुझे यहां बहुत अच्छा लग रहा है, पहाडों में, अभी पैराग्लाइडिंग करी थी, इतना सुंदर सीन दिख रहा था और अब हमने राफटिंग की है, बहुत मजा आया।*

*यहां बहुत अच्छा मौसम है, महसूस ही नहीं हो रहा है। ग्वालियर में मध्य प्रदेश में तो आप जानते हैं 45 डिग्री टैम्परेचर है, बहुत उमस है। यहां बहुत अच्छा मौसम है और यहां और भी बहुत एडवैंचरेस है, बहुत ही अच्छा लगा, बहुत एक्साइटेड हैं।*

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी चार जून तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश, आंधी व आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में 600 वर्ग मीटर बिल्टअप एरिया से ऊपर के प्लॉटों के नक्शों को निदेशक देंगे मंजूरी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–पंचायत सचिवों, बीडीओ और इंस्पेक्टरों के तबादलों पर रोक–राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतीराज विभाग को भेजा पत्र। विमल नेगी मामले में दिव्य हिमाचल लिखता है–सीबीआई ने पुलिस से कब्जे में लिया रिकार्ड। आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–गौ सदनों में पशुओं के लिए चारा अनुदान 700 से बढ़ाकर 1200 रूपये किया।